ably subsequent to the submission of the report, the Government have requested BICP to update its recommendation.

(e) The Government have allowed import of certain categories of truck and bus tyres under O.G.L. *az* a reduced rate of duty in order to keep a check on prices of such tyres.

लो डेन्सिटी पोलियेथलीन की कीमतों में वृद्धि

1263. **श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इण्डियन पेट्रोकेमिकल्स कार्पोरेशन लिमिटेड ने हाल में लो-डेन्सिटी पोलियेथलीन (एल०डी०पी०ई०) की कीमतें बढ़ा दी हैं ;

(ख) यदि हां, तो कितनी वृद्धि की गई है और उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस वृद्धि के कारण एल० डी० पी० ई० की मांग कम हो गई है यदि हां, तो कितनी कम हुई है ; और

(घ) क्या सरकार उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए एलडीपीई की कीमतों में हुई वृद्धि को वापिस लेगी ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव) : (क), (ख) और (घ) आई०पी०सी०एल० द्वारा उत्पादित एल०डी०पी०ई० के मूल्यों में आई०पी०सी०एल ने हाल में कोई वृद्धि नहीं की है। तथापि आई०पी०सी० एल० उपभोक्ताओं को आयातित एवं स्वदेशी एल० डी० पी० ई० पूलित मूल्यों पर प्रदान करता है, जिसे आयात की अवतरित लागत के आधार पर समय-समय समंजित किया जाता है। अक्तूबर 1988 से पूलित मूल्य में 2600 रू० प्रति मी० टन की वृद्धि करनी पड़ी।

(ग) मांग पर पूलित मूल्य में उपर्युक्त वृद्धि के भाव का अनुमान लगाना अभी समय पूर्व है।

देश में पट्रोल की कीमतों में कमी

1264. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 18 अक्तूबर, 1988 के टाइम्स आफ इण्डिया में "वर्ल्ड आयल प्राइसेज फाल बैक टू 1973 लेवल" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल तेल की वर्तमान कीमत क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि देश में पेट्रोल तेल बहुत अधिक कीमतों पर बेचा जाता है ;

(घ) यदि हां, तो भारत में पेट्रोल तेल की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार की कीमत से कितने गुना अधिक है और उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या सरकार देश में पेट्रोल की कीमत कम करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, हां।

(ख) कच्चे तेल का अंतर्राष्ट्रीय मूल्य बहुत अस्थिर रहा तथा इस वर्ष सितम्बर-अक्तूबर में पुनः धीरे-धीरे बढ़ने से पूर्व-तेजी से नीचे गिरा। आज कल कच्चे तेल का नगद मूल्य 10.50 से 11 अमरीकी डालर प्रति बैरल है।

(ग) और (घ) देश में उपभोक्ताओं को केवल परिशोधित पेट्रोलियम उत्पाद ही बेचे जाते हैं । जबकि कुछ उत्पाद विशेषतया वे जो कि समाज के अभिजात्य वर्ग द्वारा उपयोग में लाये जाते हैं उनकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनके मूल्य की तुलना में बहुत कम रखी जाती है, अत: अन्य उत्पादों के लिए मूल्य-नीति उपयुक्त परस्पर इंधन प्रतिस्थापन के बढ़ाने की आवश्यकता को ध्यान में रखकर निर्धारित की जाती है ताकि उसके सफल उपयोग और संरक्षण को बढ़ाया जा सके ।

(ङ) जी, नहीं ।

दिल्ली में 220 किलोवाट के सबस्टेशन की संरचना के लिए स्वीकृति

1265. श्री राम जेठमलानी :
श्री राम नरेशयादव :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1986 में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने दिल्ली में वर्तमान विद्युत वितरण प्रणाली को प्रभावी और किफायती बनाने हेतु दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान को 220 किलोवाट सब-स्टेशन परियोजना का निर्माण करने की स्वीकृति दी थी ;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस परियोजना के लिए विश्वभर से निविदाएं मंगाई गई थीं ;

(घ) यदि हां, तो निविदाएं स्वीकृत करने की अन्तिम तिथि क्या थी और इस संबंध में क्या और कब निर्णय लिया गया था ; और

(ङ) निर्णय लेने में विलम्ब के क्या कारण थे और इस विलम्ब के कारण परियोजना की लागत में कितनी वृद्धि हुई ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

तेल उद्योग के कार्यकरण सम्बन्धी नीति में परिवर्तन

1266. श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 18 अक्तूबर, 1988 के "द हिन्दू" में "इंडिजिनस प्रोडक्शन आफ क्रूड इकानामिकल" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार निकट भविष्य में इस उद्योग के कार्यकरण संबंधी नीति में परिवर्तन करेगी ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की भावी योजना क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) जी, हां । सरकार ने वह लेख देखा है जिसमें यह सुझाव दिया गया है कि कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य के कम होने के बावजूद देश में ही कच्चे तेल का उत्पादन करना किफायती है ।

(ग) सरकार की नीति कच्चे तेल का अपने देश में अधिकतम उत्पादन करने की है तथा इस नीति में परिवर्तन करने का कोई विचार नहीं है ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Price rise of mill made paper

1267. SHRI RAM ' AWADHESH SINGH: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government are Ware